## एक नजर

### मुरी पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**मुरी।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुरुलिया अंतरराज्यीय सीमा पर मुरी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान गड़ जयपुर (पुरुलिया) निवासी राहुल चटर्जी, उम्र 30 वर्ष को 1.2 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गांजा की कीमत लगभग ?50 हजार है। पकड़े हुए व्यक्ति एवं जप्त सामान को मुरी पुलिस थाना ले गई। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ाए व्यक्ति से इस संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। मौके पर दंडाधिकारी समेत सशस्त्र बल भी मौजूद रहे।

### दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**रांची ।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत अजामानतीय वारंट के वारंटीयों के विरुद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान वारंटी अभियुक्त कालीशंकर महतो और मकेश महतो दोनों पता-ग्राम-टाटीबस्ती पहानटोली, थाना- टाटीसिलवे, जिला-राँची के रहने वाले, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

**रांची।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी करते हुए होरहाप जंगल में एक मिट्टी के घर से लगभग 05 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने का चुल्हा को नष्ट किया गया। अवैध शराब के विरुद्र छापामारी के क्रम में ग्राम-लाली, नावाटोली के बसंत कुमार महतो, को अवैध महुआ शराब के निर्माण एंव बिक्री करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में अग्रत्तर कार्रवाई करते हुए टाटीसिलवे थाना द्वारा गिरफ्तार बसंत कुमार महतो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।


### सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल एडीएम व एसडीओ से मिला

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेन रोड एवं गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रकाश पर्व को लेकर रांची के एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक और एसडीओ उत्कर्ष कुमार से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी एवं गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर 14 नवंबर को निकाले जाने वाले नगर कीर्तन के बारे उन्हें अवगत कराया और हर वर्ष नगर कीर्तन के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा और साथ ही इससे संबंधित कुछ सुझाव भी दिए। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक एवं एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने प्रतिनिधि मंडल को सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया और सभी प्रकार के सहयोग का भरोसा जताया।

---

जिस क्वार्टर की हकदार थी, उसी में दिहाड़ी कर रही सीसीएलकर्मी की विधवा

# उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद मिला था नियुक्ति पत्र, अब तक नहीं मिली ज्वाइनिंग


IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI
(Civil Writ Jurisdiction)
W.P. (S) No.4898 of 2019


Sohodar Bai ... Petitioner(s)
Versus
M/s. Central Coalfields Limited, Darbhanga House, Ranchi through its Chairman-cum-Managing Director & Ors. ... Respondent(s)

CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE RAJESH KUMAR

For the Petitioner(s) : Mr. Sanjay Prasad, Adv.
For the Respondents : Mrs. Prerna Jhunjhunwala, Adv. Mr. Arpan Mishra, Adv.

21/Dated: 27th June, 2024

1. The representative of Respondent No.2-Director Personnel, M/s. Central Coalfields Limited is present in compliance of the order dated 20.06.2024. Hence his appearance is hereby dispensed with.
2. It is a settled law that widow has always precedence over the other legal heirs so far as the compassionate appointment is concerned.
3. Respondents are directed to file an affidavit keeping in mind the above fact and to take decision to that effect.
4. Put up this case on 16.08.2024.
5. I.A. No.6192 of 2024 filed for seeking exemption from personal appearance of the Respondent No.2-Director Personnel, M/s. Central Coalfields Limited, stands disposed of.


Sub: नियुक्ति-पत्र/Appointment Letter

AREA: N. K. AREA

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएलकर्मी की विधवा पत्नी साहोद्रा बाई को सीसीएल क्वार्टर में रहना था, लेकिन उसी में दिहाड़ी मजदूरी करने को विवश है। साहोद्रा बाई के पति फुलाई राउत डकरा परियोजना में वैगन लोडर के पद पर थे। फलाई राउत की मृत्यु के बाद सीसीएल का रवैया देखते हुए पत्नी साहोद्रा बाई ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय में गुहार लगाया। 27 जून 2024 को उच्च न्यायालय ने सीसीएल को निर्देशित किया कि अनुकम्पा नौकरी की पहली हकदार मृतक की विधवा ही होती है। इस निर्देश के बाद सीसीएल द्वारा पहल करते हुए साहोद्रा बाई का प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच कराया गया जिसमें वह रोजगार के लिए चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित हुई। इसके बाद 11.09.2024 को साहोद्रा बाई के नाम नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया। परंतु 40 दिन बाद भी उसे ज्वाइनिंग नहीं मिल सका। इधर अपने भरण पोशण के लिए सीसीएलकर्मी की विधवा साहोद्रा बाई सीसीएल क्वार्टर में ही दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हो गई है, जबकि नियुक्ति मिलने पर वह भी एक क्वार्टर में रहने का हकदार होगी।

### आपत्ति के बाद हेडक्वार्टर के निर्देश का हो रहा इंतजार : ज्योति कुमार

सीसीएल एनके एरिया के स्टाफ आफिसर कार्मिक ज्योति कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद साहोद्रा बाई को नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है। परंतु ज्वाइनिंग देने से पहले एक प्रक्रिया है जिसमें स्पष्टीकरण के लिए सूचना पट्ट में 14 दिनों के लिए सार्वजनिक नोटिस चिपकाया जाता है। नोटिस चिपकाए जाने के बाद इस मामले में दो आपत्ति आया है। इसके बाद पूरे विषय को हेडक्वार्टर में संबंधित आला अधिकारी के संज्ञान में भेज दिया गया है। वहां से निर्देश मिलते ही साहोद्रा बाई को ज्वाइनिंग दे दिया जाएगा।

---

# छात्रों की आवाज के लिए देवेंद्रनाथ महतो को सदन जाना चाहिए : जेएसएसयू



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** राज्य में चुनावी बिगुल बज चुका है। विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी है। इस संदर्भ में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने आज मंगलवार को मोरहाबादी में बैठक किया इसमें विभिन्न जिला के छात्र नेता शामिल हुए। छात्रों की समस्या और सिजीएल अनियमितता पर चर्चा किया। और अपने जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से टिकट देकर भरोसा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा को आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान यूनियन के संयोजक योगेश चंद्र भारती ने कहा कि जेएलकेएम संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो द्वारा देवेंद्रनाथ महतो को राजधानी रांची के सिल्ली जैसे मुख्य हॉट सीट से उतारना बेहद ही सकारात्मक कदम है। एनडीए और इंडिया एलायंस प्रत्याशी को हमारे छात्र यूनियन हराने का काम करेगा। छात्रों के आवाज सदन तक पहुंचना चाहिए। सभी जिला के छात्र नेताओं से वार्ता करते हुए इस विधानसभा चुनाव जित पर उतरने का सहमति बना। मोरहाबादी रांची में बैठक के दौरान छात्र नेता चंदन कुमार, पप्पू यादव, शांति प्रसाद गोपाल, रविंद्र कुमार, नीतीश महतो आदि छात्र नेता सम्मिलित रहे। बताते चलें कि इस झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले 60-40 नियोजन नीति आंदोलन, जेएसएससी छात्र अनियमितता आदि आंदोलन को लेकर राज्य स्तरीय में सक्रिय रहा है।

---

## न्यूज | बॉक्स

### क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित



**मांडर।** कंदरी मोड़ स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। पिछले दिन कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा अर्चना कच्छप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें विद्यालय की ओर से प्रथम पुरस्कार स्वरूप एक साइकिल प्रदान की गई। विद्यालय के निदेशक नौशाद आलम और प्राचार्य जावेद अहमद ने विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और छात्रों को उनकी मेहनत के लिए सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह क्विज प्रतियोगिता छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और ज्ञान की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जिससे छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक भी उपस्थित थे।

### सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे दिव्यांग को परिवार से मिलाया गया



**रांची।** सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांगों की निःशुल्क सेवा संस्था के द्वारा की जा रही है। मंगलवार को एक दिव्यांग विशाल लोहरा को परिवार से मिलाया गया। विशाल 16 जून से अपना घर आश्रम में आया था। उसे अपना याददाश्त कुछ भी नही था। उनका समुचित इलाज न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की देखरेख में चल। ऐसे में उसकी याददाश्त एक या दो अक्टूबर को वापस आ गई। जब उसकी याददाश्त वापस आई तब वह अपने घर जाने की जिद करने लगा। उसने अपना नाम विशाल लोहरा, घर का पता और अपने बड़े भाई का नाम रमेश लोहरा, माता का नाम रुदन देवी, पिता शंकर लोहरा बताया। वहीं अपने घर का पता बताया । इसके बाद खोजबीन कर उसके परिजनों को बुलाया गया व सौंपा गया। मौके पर पुंदाग थाना के पेट्रोलिंग पार्टी के पुलिस अधिकारी, संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार,चन्द्रदीप साहु, हरीश कुमार आश्रम के सेवासाथी मनोज कुमार पंडित, कम्पाउण्डर अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, उत्तम कुमार उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

### श्रीश्याम मंदिर में श्री सुन्दरकांड श्री हनुमान का सामूहिक पाठ हुआ



**रांची।** जामवंत के वचन सुहाये,सुनि हनुमंत हृदय अति भाए....। पवन तनय संकट हरन मंगल मूरति रुप,राम लखन सीता सहित हृदय बसहु सुर भूप..।। हरमू रोड़ का श्रीश्याम मंदिर में श्री सुन्दरकाण्ड -श्री हनुमान चालीसा पाठ के 124 वें अनुष्ठान में उपरोक्त श्लोको से मंदिर परिसर व हरमू रोड़ गूंज रहा था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के द्वारा मंगलवार को हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में श्रीहनुमान जी आराधना के लिए उत्तम आयोजन किया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्रीसालासर वाले बालाजी महाराज की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर गिरीगोला, शुद्ध घृत अर्पित कर प्रसाद के रूप में केशरिया पेड़ा, गुड़, चना,व फल चढ़ाकर विश्व शांति की प्रार्थना की। ढोलक, ढफली, आरगेन, झांझ,कडताल के स्वर के साथ पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा की टीम ने श्रीगणेश वन्दना, श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया। उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने सामुहिक रूप से पाठ किया। पाठ के बीच -बीच में भजनों का गायन भी किया गया । श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ के बाद पुनः सामुहिक रूप से श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती की गयी। भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पौदार ने केशरिया पेड़ा व मुकेश मित्तल ने गिरीगोला की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढाढ़ंनिया, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, अंकित सिंह, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# केंद्रीय तसर अनुसंधान केंद्र नगड़ी को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रेशम निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित सिल्क एक्सपो-2024 में पी शिवकुमार, सदस्य सचिव, केंद्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु और नगड़ी स्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान केंद्र को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से पुरस्कृत किया। नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान संस्थान की ओर निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने यह सम्मान प्राप्त किया। केंद्रीय रेशम बोर्ड के 75 वर्ष पूरे होने पर 75 रुपये का स्मारक सिक्का, डाक टिकट जारी करने, नई शहतूत एवं रेशमकीट किस्मों को लॉन्च कराने के साथ ही रेशम उत्पादन को जनमानस के मध्य पहुंचाने हेतु विशेष योगदान के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। वहीं केंद्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, नगड़ी को तसर रेशम के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और उत्तर प्रदेश राज्य में तसर रेशम की गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग हेतु पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान की श्रेणी में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

### चुनाव में 14705 होमगार्ड जवानों की होगी प्रतिनियुक्ति

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 14705 होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति होगी। होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति 16 दिनों के लिए होगी। इसको लेकर आईजी अभियान ने होमगार्ड डीजी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। लिखे गये पत्र में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए काफी अधिक संख्या में बलों की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता होगी। इसको लेकर झारखंड के सभी जिलों में उपलब्ध कुल 21007 होमगार्ड के जवानों में से 70% यानी 14705 होमगार्डों को चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किया जाना आवश्यक प्रतीत हो रह है। ताकि मतदानकर्मियों को किसी तरह की कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मतदान के समय जब भीड़ ज्यादा होनी लगती है तो उस समय बलों का ज्यादा आवश्यकता पड़ती है। इसलिए इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी करनी जरूरी होगी ताकि मतदान परेशानी न हो।

---

अहोई अष्टमी पर्व 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा

# माताएं संतान के लिए करती हैं निर्जला व्रत : संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा कि सनातन धर्म मे अहोई अष्टमी पर्व का बहुत अधिक महत्व है। अहोई अष्टमी पर्व भारतवर्ष मे करवा चौथ के बाद एवं दीपावली से 8 दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष 24 अक्टूबर दिन बृहस्पतिवार को अहोई अष्टमी का उपवास रखा जाएगा। अहोई अष्टमी तिथि की शुरूआत 23 अक्टूबर को रात 1 बजकर 18 मिनट पर होगी। तथा 24 अक्टूबर को रात 1 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगा। इस तिथि के अनुसार अहोई अष्टमी का व्रत 24 अक्टूबर को होगा। अहोई अष्टमी को अहोई आठे भी कहते हैं। इस दिन महिलाएं संतान की दीघार्यु सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखती है जिसका पारण रात को तारों को अर्घ्य देने के बाद किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार अहोई अष्टमी के दिन माता पार्वती के अहोई स्वरूप की पूजा की जाती है। जिससे देवी प्रसन्न होती है और संतान की खुशहाल जीवन की आशीर्वाद देती है। इस साल अहोई अष्टमी पर साध्य योग और पुष्प नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। इस योग में कुछ उपाय करने से संतान के जीवन में खुशियों का वास बना रहता है साथ ही सभी समस्याएं भी दूर होती है।

---

# बाहरी रूप और आंतरिक व्यक्तित्व में संतुलन जरूरी : डॉ ख्याति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** हाल ही में आयोजित वर्कशॉप, जिसका नाम ह्यपर्सनल फाइनेंसिंग और पर्सनालिटी ग्रूमिंग था। मौके पर छात्रों, गृहिणियों और कॉर्पोरेट पेशेवरों के लिए एक अनूठा अनुभव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ख्याति मुंजाल और वंदना साहू ने किया, जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। कार्यशाला सभी स्तरों के लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हुई और प्रतिभागियों ने इसे भरपूर सराहा। डॉ. ख्याति मुंजाल ने व्यक्तित्व विकास पर एक गहन सत्र दिया, जिसमें बताया कि एक व्यक्ति की व्यक्तित्व के अनुसार उसे कैसे कपड़े पहनने चाहिए, सही आचरण और शिष्टाचार अपनाने चाहिए। उन्होंने समझाया कि बाहरी रूप और आंतरिक व्यक्तित्व दोनों में संतुलन बनाना आवश्यक है, जिससे हम अपने आस-पास के लोगों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकें। उनके व्याख्यान ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उन्हें अपनी सामाजिक उपस्थिति को सुधारने के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए। दूसरी ओर, वंदना साहू, जो एक अनुभवी कॉर्पोरेट ट्रेनर हैं, ने व्यक्तिगत वित्त के प्रबंधन पर बात की और बताया कि हमें अपने वित्त को व्यवस्थित कैसे करना चाहिए ताकि हम अधिक खर्च करने से बच सकें, जो अक्सर छात्रों और गृहिणियों में एक सामान्य समस्या है।

### तेज रफ्तार ने ली दो युवकों की जान

**रांची।** राजधानी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जिस तरह से वाहनों की रफ्तार देखी जा रही है उससे आये दिन लोग दुर्घटनाओं की शिकार हो रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन ने इसपर काफी रोक लगाने का प्रयास किया है लेकिन जगह मिलने पर वह अपनी वाहनों को तेज कर भागने लगते हैं। जिससे लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। अब प्रशासन को इसपर सख्ती से नकेल कसने की जरूरत है। अगर नहीं लगा तो लोग आये दिन अपनी जान गंवा सकते हैं। कुछ इसी तरह का मामला राजधानी के बुढ़मू ठाकुरगांव थाना के रहने वाले अजय व आशीष अपने डोमिनार बाइक से घूम कर घर लौट रहे थे। इस दौरान बाइक की रफ़्तार करीबन 150 किलो मीटर प्रतिघंटा थी। जिस कारण बाइक अनियंत्रित होकर हाइवा में टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

---

# झारखंड रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन ने की लांच इवेंट की घोषणा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन (आरजीए) ने मंगलवार को को रांची में अपने बहुप्रतीक्षित लांच इवेंट की घोषणा की। यह कार्यक्रम झारखंड के तर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका आयोजन भारतीय गारमेंट्स महासंघ (आईजीए) के प्रतिष्ठित सहयोग से किया जा रहा है। लांच इवेंट ऑड्रे हाउस में आयोजित किया जाएगा। इसमें गारमेंट उद्योग के प्रमुख हितधारकों निमार्ता, डिजाइनर, खुदरा विक्रेता और फैशन विशेषज्ञ शामिल हैं। जीआरजीए और आईआईजीए के बीच यह सहयोग झारखंड के रेडीमेड गारमेंट्स क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है, जिसमें कुशल कार्यबल और बदलते बाजार की संभावनाओं के कारण अपार संभावनाएं हैं। झारखंड रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन के, महासचिव ने झारखंड को गारमेंट निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने की भूमिका पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम जीआरजीए की लॉन्चिंग को लेकर बेहद उत्साहित हैं। भारतीय गारमेंट्स महासंघ के साथ साझेदारी कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो स्थानीय निमाताओं को सशक्त बनाए, नवाचार को बढ़ावा दे, और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से मजबूत संबंध स्थापित करें।

---

# खलारी में गाड़ी जलाने के आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** बुढ़मू थाना पुलिस ने वर्चस्व के लिए गाड़ी जलाने के आरोपी राहुल तुरी सहित चार फरार चल रहे युवकों के खलारी स्थित घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी के निर्देश पर बुढ़मू थाना के अवर निरीक्षक रविरंजन कुमार ने खलारी थाना के सअनि सहदेव महली तथा अन्य आरक्षियों के सहयोग से ढोल नगाड़ा बजवाते हुए आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया। जिनके घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया उनमें राहुल तुरी उर्फ आलोक के अलावा छोटन लोहरा उर्फ अमित, दीपक लोहरा सभी लाला धौड़ा तथा विशाल नायक साकिन अमरूत धौड़ा शामिल हैं। अनि रविरंजन कुमार ने बताया कि सभी चारो के उपर वर्चस्व के लिए गाड़ी जलाने का आरोप है। पूर्व में सभी को न्यायलय के समक्ष आत्म समर्पण के लिए कहा गया था। परंतु ये लोग आत्म समर्पण नहीं कर रहे हैं। अंततः इनके घर पर ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया है तथा इनके परिवार के लोगों को सूचित कर दिया गया है कि उनलोगों को माननीय न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण करने कहें।

---

# विश्रामपुर की अधिग्रहित जमीन का फिर कराया जाएगा सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** एनके एरिया अंतत केडीएच परियोजना द्वारा खलारी अंचल के विश्रामपुर मौजा के अधिग्रहित भूमि में चल रहे विवाद को लेकर सीसीएल प्रबंधन द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने मंगलवार को संबंधित लोगों से मिलकर उनका पक्ष लिया। मालूम हो कि विश्रामपुर मौजा के खाता संख्या 31 प्लांट संख्या 440, 441, 379, 453, 442, 466, 467, 468, 469, खाता संख्या 24 प्लांट संख्या 462, खाता संख्या 38 प्लांट संख्या 448 के अधिग्रहण के बाद स्वामित्व को लेकर दावेदारी की जा रही है। इस मामले को लेकर एनके एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में सभी पक्षों की संयुक्त बैठक बुलाई गई। बैठक में सीसीएल द्वारा गठित कमेटी में दो सेवानिवृत्त आईएएस और वर्तमान में सीसीएल के भूमि राजस्व विभाग के सलाहकार रामकुमार सिन्हा, उदय प्रताप, सीसीएल भूमि राजस्व के विभाग के मुख्य प्रबंधक शंकर झा, एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार, केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह एवं संबंधित जमीन के बदले नौकरी पाए रंजन कुमार, सीमा सिंह एवं इसी जमीन पर दावेदारी पेश कर रहे जालिम सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। समिति सदस्यों ने बताया कि कागजात सैयद अफाकुद्दीन गोल्डी के पक्ष में है। बावजूद जालिम सिंह के आपत्ति को देखते हुए इसे पुनः जांच के लिए अंचल कार्यालय भेजा जाएगा और वहां से जो सत्यापित किया जाएगा उसे सभी को मानना होगा।

### डेढ़ साल से मामला संवेदनशील बना हुआ है

जमीन के इस मामले को लेकर पिछले डेढ़ साल से माहौल संवेदनशील बना हुआ है। जालिम सिंह के शिकायत पर एनके प्रबंधन ने पहले भी खलारी और बुढ़मू अंचल से इसका जांच कराया है और दोनों अंचलाधिकारी ने सैयद अफाकुद्दीन गोल्डी के पक्ष में फैसला दिया। जमीन पर कब्जा को लेकर जब टकराव की स्थिति बनी तो इस मामले को लेकर रैयत विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति नाम का एक संगठन बनाया गया।

---

अपर प्रशासक ने अपर बाजार क्षेत्र का किया मुआयना

# पथों को अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** वार्ड नंबर 20 स्थित अपर बाजार, रांचीवासियों के लिए एक बड़ा मार्केट है। यहां सैकड़ों की संख्या में दुकानें अवस्थित है। उक्त क्षेत्र में आए दिन लोग जाम की समस्या से जूझते हैं। इस संबंध में संजय कुमार ने निगम के पदाधिकारियों के साथ अपर बाजार के वेस्ट मार्केट रोड का मुआयना किया गया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि अगले एक महीने तक त्योहारों का सीजन है और भारी संख्या में रांचीवासी यहां आकर खरीदारी करेंगे। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि अपर बाजार के दुकानदार अपने सामग्रियों को दुकान के बाहर के सड़क तक ना रखें और सभी पथ अतिक्रमण मुक्त रहे। उन्होंने बाजार शाखा तथा इनफोर्समेंट शाखा के पदाधिकारियों से अपर बाजार के सभी पथों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकानदारों के वाहन के साथ-साथ आम नागरिकों के वाहनों के कारण भी जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए यह सुनिश्चित करें कि सभी वाहन, निगम के वाहन पड़ाव पर ही पार्क की जाए। मौके पर कई दुकानदारों के द्वारा बिना अनुमति के दुकानों के बाहर टाइल्स लगाकर दुकान का विस्तार किया गया है, जो कि अवैध है। जिसे देखते हुए अपर प्रशासक ने दुकानदारों को इसे त्वरित हटवाने का निर्देश दिया तथा भविष्य में ऐसा पाए जाने पर दुकान को सील करने की चेतावनी दी गई।

---

शत्रु चीन की वस्तुओं का बहिष्कार करें

# दीपावली में देश की मिट्टी से ही बने दीपक जलाएं : स्वामी दिव्यानंद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा, कि सुख समृद्धि और आरोग्य से संबंधित हमारा सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार धनतेरस दीपावली है। जहां सनातनी लगातार 5 दिनों तक दीप प्रज्वलित करते हैं और यह दीपक हमारी आत्मा, हमारा जीवन, मन, बुद्धि और भविष्य को प्रकाशित करता है। इस प्रकाशमयी दीपक में सनातन का भी भाव आना चाहिए। भारतवर्ष देवों - ऋषियों की भूमि रही है, हमारी परंपरा विश्व में प्रख्यात है, ऐसे में हमारे त्यौहार में हमारी ही सामग्री का उपयोग होना चाहिए। स्वामी जी ने बताया कि भारत का सबसे बड़ा शत्रु चाइना है। चीन स्वभाव से ही और अधार्मिक, विस्तारवादी एवं दुष्ट प्रवृत्ति का रहा है। चीन ही मात्र एक ऐसा देश है जो किसी भी धर्म - संप्रदाय, पूजा पद्धति को नहीं मानता है। अमानवीय कृत्य और राक्षसी प्रवृत्ति से परिपूर्ण है, किंतु विज्ञान के क्षेत्र में दक्षता हासिल किया है। वह भी बहुत ही धूर्तता (यूज एंड थ्रो) के साथ। स्वामी जी ने यह भी बताया कि चीन का सबसे बड़ा बाजार भारतवर्ष है, वह समझ चुका है कि भारत के लोग सीधे, सरल और आध्यात्मिक हैं, हमारी रुचि के अनुसार वह सस्ती वस्तुओं का निर्माण कर हमें निर्यात करता है और हम जाने-अनजाने उसकी वस्तुओं को खरीदते हैं, हमें ज्ञात होनी चाहिए कि भारत से कमाए हुए धन को वह अपने रक्षा मद में खर्च करता है।

## एक नजर

### गोरहर पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने ग्राम बंडासिंघा निवासी मेधो साव पिता चितो साव तथा चुटा साव पिता सलावत साव को गिरफ्तार किया। जिन्हें मंगलवार को बरकट्ठा अस्पताल से मेडिकल जांच के बाद हजारीबाग जेल भेज दिया गया है।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का तीन दिनी ओपन ट्रायल शुरू

**झुमरी तिलैया ।** मधुपुर में 26 अक्तूबर से इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने कोडरमा जिला की फुटबॉल टीम मंगलवार को स्थानीय सीएच हाई स्कूल के खेल मैदान में मंगलवार को सुबह सात बजे तीन दिनी ओपन ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशद खान और सचिव नवनीत ओझा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन लगभग 70 खिलाड़ियों ने ट्रायल में हिस्सा लिया। कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दूरभाष से सूचना देते हुए बताया कि वे किसी न किसी काम से जिले से बाहर गए हुए थे। इसलिए पहले दिन के ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सके। उन्होंने कहा कि वैसे खिलाड़ी जो पहले दिन के ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सके, वे बुधवार को ट्रायल के दूसरे दिन हिस्सा ले सकते हैं।

### भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा व राजद प्रत्याशी सुभाष का नामांकन कल

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव और राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव 24 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा की डॉ नीरा सुबह 10 बजे कोडरमा स्थित अपने आवास से रैली के रूप में हनुमान मंदिर से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचेगी। जहां नामांकन दाखिल करेगी। जानकारी कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय ने सोमवार को दी है। उन्होंने बताया कि नामांकन के बाद विशाल सभा होगी। जबकि जेल में बंद राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव बाहर आकर नामांकन पर्चा भरेंगे।

### शहीदों की वीरता व बलिदान की मिली जानकारी

**चंदवारा।** नेशनल लेवल कैंप एक भारत श्रेष्ठ भारत-1 बिहार एंड झारखंड निदेशालय के तत्वावधान में सैनिक स्कूल तिलैया के प्रांगण में चल रहे 12 दिवसीय एनसीसी शिविर के सातवें दिन विभिन्न राज्यों से आए 600 एनसीसी छात्रों ने विभिन्न गतिविधि में शामिल हुए। यह कैंप हजारीबाग ग्रुप के ग्रुप कमांडर राजेश करेल के नेतृत्व में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग की ओर से व्याख्यान का हुआ आयोजन

## हिंद महासागर से होता है देश का 80 फीसदी बाहरी व्यापार : प्रो ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में हिंद महासागर की भू-राजनीति (समस्याएं एवं संभावनाएं) विषय को लेकर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर व्याख्याता डिग्री कॉलेज, फतेपूर,जामताड़ा के प्रो. दीनानाथ ठाकुर शरीक हुए और विस्तार से हिंद महासागर की भू-राजनीति (समस्याएं एवं संभावनाएं) को लेकर अपनी बातें रखीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। भारत की बात की जाए तो देश का 80 फीसदी बाहरी व्यापार और 90 फीसदी ऊर्जा व्यापार हिंद महासागर के जरिए ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत, हिंद महासागर के तट पर रणनीतिक रूप से स्थित एक राष्ट्र के रूप में भू-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में संगठित अपराध, समुद्री डकैती, आतंकवाद, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और मानव तस्करी जैसे गैर पारंपरिक खतरों से निपटने के लिए इस क्षेत्र पर भारत का नियंत्रण भी आवश्यक है। श्री ठाकुर ने इजरायल, ईरान, गाजा के युद्धों का हिंद महासागर पर पड़ते प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इससे पूर्व भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ सीता राम शर्मा ने व्याख्याता प्रो. दीनानाथ ठाकुर को बूके भेंटकर कार्यक्रम में स्वागत किया। साथ ही अपने स्वागत भाषण के दौरान विद्यार्थियों को हिंद महासागर के महत्व से अवगत कराया। मंच संचालन भूगोल विभाग विभाग की प्राध्यापिका डॉ पूनम चन्द्रा व धन्यवाद ज्ञापन पंकज प्रज्ञा ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

## सचिदानंद पांडेय निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज करेंगे नामांकन

❑ 1857 के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज हैं सचिदानंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** 1857 के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के 7वें पीढ़ी के परपौत्र और सदर विधानसभा प्रत्याशी सचिदानंद पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन की घोषणा की। सचिदानंद पांडेय ने बताया कि उनका नामांकन 23 अक्टूबर को बुधवार को होगा। इस अवसर पर वे यशवंत नगर बड़कागांव रोड से एक विशाल जुलूस की अगुवाई करेंगे। जुलूस में हजारों की संख्या में युवा शामिल होंगे और गाजे-बाजे के साथ यह जुलूस सरदार चौक, बंशीलाल चौक, बुढ़वा महादेव, और डिस्ट्रिक मोड़ होते हुए समाहरणालय पहुंचेगा, जहां वे अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सचिदानंद पांडेय ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण मौके पर उनके साथ खड़े हों और उन्हें अपना समर्थन और सहयोग दें। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पूर्वज शहीद जयमंगल पांडेय के आदर्शों पर चलते हुए समाज और देश की सेवा करना चाहता हूँ। मेरी कोशिश होगी कि मैं अपने क्षेत्र के विकास और जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहूं।' शहीद जयमंगल पांडेय, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उनके वंशज होने के नाते सचिदानंद पांडेय का नामांकन इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। पांडेय का कहना है कि वे अपने पूर्वजों के बलिदान और संघर्ष की भावना को अपने कार्यों में जीवित रखेंगे और सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सचिदानंद पांडेय के समर्थकों और कार्यकताओं ने नामांकन कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध रूप से शराब बेचने के जुर्म में मामला दर्ज, एक गिरफ्तार, जेल



**बरही।** बीते संध्या बरही पुलिस ने छापेमारी करते हुए करियातपुर पंचायत के नईटाड़ स्थित मनोज पडित के राशन दुकान से अंग्रेजी शराब से भरा कई बोतलें बरामद किया. जिसे जब्त करते हुए दुकानदार मनोज पंडित (36 वर्ष) पिता निर्मल पंडित को गिरफ्तार किया गया. जब्त किए गए शराब की बोतलों में मैक डॉवल 180 मिली के 3 पीस, किंग फिशर कंपनी का स्ट्रॉन्ग बीयर 650 मिली 24 पीस और 8 पीएम कंपनी का व्हिस्की 180 मिली के कुल दो पीस शामिल है. इस संबंध में बीएनएस की धारा 274, 275, 292 व 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 425/24 दर्ज करते हुए मंगलवार को गिरफ्तार दुकानदार को जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. इंस्पेक्टर ने कहा कि अवैध धंधा करने वालो के खिलाफ पुलिस की लगातार कारवाई जारी है, उन्होंने लोगो से किसी भी धंधे को विधि सम्मत तरीके से ही करने और कानूनी प्रक्रिया से बचने की अपील किया है।

### एसजीएफआई राष्ट्रीय ताइक्वांडो में शामिल होंगी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहन सृष्टि कुमारी



**हजारीबाग।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35वी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता , सिवान, बिहार में आयोजित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के भैया-बहन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण 1 रजत 3 कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण प्राप्त करने मे सृष्टि कुमारी वही रजत पदक आयुष गुप्ता, पलक रानी एवं सुहाना रानी ने प्राप्त किया । मालूम हो कि स्वर्ण पदक जीत कर बहन सृष्टि कुमारी अब विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करेंगीं ' गौरतलब है कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली,हजारीबाग की बहन सृष्टि कुमारी का चयन अंडर 19 गर्ल्स 68 केजी में हुआ है। आगामी होने वाले रःत्रःक्कराष्ट्रीय खेलो में उनका चयन हुआ है जो 20 से 24 दिसंबर तक मध्य प्रदेश के देवास में आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में बहन सृष्टि कुमारी भाग लेंगी। विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने बहन सृष्टि कुमारी एवं अन्य प्रतिभागियों को राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा की बहन सृष्टि कुमारी एसजीएफआई प्रतियोगिता में भी जीत का परचम लहराएंगीं। ऐसी शुभकामना विद्यालय परिवार की ओर से दी जाती है।

### बुजुर्गों की सेवा को अपना अनिवार्य कर्तव्य बनाना जरूरी : डॉ मुनीष गोविंद




**हजारीबाग।** वृद्धजन दिवस के मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के एनएसएस इकाई एवं समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों की ओर से हजारीबाग स्थित वृद्धाश्रम में मंगलवार को मेल-मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर उनके अनुभवों से सीख हासिल करना एवं उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और उन्हें सम्मान व प्यार का अहसास कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों के स्वागत से हुई, जहां विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ खुलकर बातचीत की, उनके जीवन के अनुभव सुने और उनसे प्रेरणा प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गीत, भजनऔर कविताएं शामिल थीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन के लिए और स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करना हर नागरिक का कर्तव्य बताया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुजुर्गों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा कि वर्तमान की परिस्थितियों के मद्देनजर बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशीलता से व्यवहार किए जाने की जरूरत है।

युवा नेता के समर्थकों ने की बैठक, कहा- निर्दलीय उम्मीदावार को चुनाव मैदान में उतरने की जरूरत

## जीत में आपका सहयोग जरूरी : अजमेरा



❑ मैं जनता की समस्याओं को गहराई से समझता हूं और उनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा करता हूं

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** युवा नेता हर्ष अजमेरा के समर्थकों द्वारा एक विशेष बैठक मंगलवार को आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक में मौजूद सभी समर्थकों ने एक स्वर में हर्ष अजमेरा से आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का आग्रह किया। समर्थकों का कहना था कि वर्तमान समय में क्षेत्र को एक ईमानदार, मेहनती और ऊर्जावान नेता की आवश्यकता है, और हर्ष अजमेरा इन सभी गुणों को पूर्ण रूप से निभाते हैं। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समर्थक के द्वारा किया गया जिन्होंने कहा हर्ष अजमेरा ने हमेशा समाज के हर वर्ग की समस्याओं को सुना है और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में हम क्षेत्र में बदलाव और विकास की नई उम्मीद देख सकते हैं। अन्य प्रमुख वक्ताओं ने भी अपनी राय व्यक्त की। बैठक के दौरान यह चर्चा की गई कि वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में हर्ष अजमेरा का निर्दलीय चुनाव लड़ना आवश्यक हो गया है, जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं। बैठक के अंत में हर्ष अजमेरा ने अपने समर्थकों का आभार प्रकट किया और कहा, आप सभी का स्नेह और समर्थन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं आपके सहयोग ही चुनाव जीतूंगा। मैं जनता की समस्याओं को गहराई से समझता हूं और उनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा करता हूं मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि समाज के हर वर्ग की आवाज को सुना जाए और उनकी समस्याओं का समाधान खोजा जाए। आपके इस भरोसे ने मुझे और भी मजबूती दी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मैं आप सबों के आशीर्वाद से अवश्य चुनाव लड़ूंगा। बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों ने हर्ष अजमेरा की समाजसेवा, युवाओं के प्रति उनकी चिंता, और क्षेत्र के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की।


## मांडू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बने जयप्रकाश भाई पटेल



**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा से देश की सबसे पुरानी पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हाथ छाप के द्वारा स्वर्गीय टेकलाल महतो के पुत्र जयप्रकाश भाई पटेल पर भरोसा जताते हुए मांडू विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया है । घोषणा से सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता के बीच में उत्साह चरम पर है। अपने पिता की तरह जयप्रकाश भाई पटेल जब से विधायक प्रत्याशी बने कार्यकर्ताओं का साथ एवं जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलते आया है और वह हमेशा से विधायक के पद पर मांडू विधानसभा का नेतृत्व करते आए हैं। श्री पटेल के द्वारा जनहित में सैकड़ों-हजारों योजनाओं का लोकार्पण किया गया है, जिससे उनकी ख्याति मांडू विधानसभा के अतिरिक्त राज्य के हर कोने में व्याप्त है। श्री पटेल के द्वारा जनहित में किए हुए अनगिनत कार्य उन्हें जीत की ओर अग्रसर करते हैं। हमारा लक्ष्य है सिर्फ क्षेत्र का विकास करना और वहां की जनता की सेवा करना है। यहां की जनता की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। क्षेत्र विकास नहीं करेगा तब तक जनता सुखी नहीं रहेगी।

भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव कल करेंगे अपना नामांकन

## तैयारियां जोरों पर, उमड़ेगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आगामी 24 अक्टूबर को बरही विधानसभा से भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेगे. उक्त जानकारी पूर्व विधायक के निजी सचिव भूपेंद्र यादव ने दी. उन्होंने बताया कि नामांकन के पूर्वाह्न 11 बजे पूर्व इंटर कॉलेज के समीप सामांतो पेट्रोल पंप के पास स्थित मैदान में एक जनसभा होगी. जिसमे भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय नेता संबोधित करेंगे. नामांकन को लेकर विस के विभिन्न प्रखंडों में कार्यकर्ताओं की तैयारियां जोरो पर है. नामांकन रैली में हजारों की संख्या में समर्थक शामिल होंगे. नामांकन रैली पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगी. पूर्व विधायक ने बताया कि पीएम मोदी के बेटी, माटी, और रोटी के सिद्धांतो को बरही विस में सफल बनाया जायेगा. यह चुनाव भ्रष्टाचार के खिलाफ और बरही के विकास को लेकर है. जिसके लिए भाजपा पूरी तरह संकल्पित है. विदित हो कि पूर्व विधायक श्री यादव भाजपा के एक कद्दावर नेता है, जो बरही से चार बार विधायक और विस में विधायक दल के नेता के रूप में अपनी सेवा दे चुके है. इस दौरान बरही की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है. भाजपा बरही ही नही पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड मतो से जीतेगी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत पुस्तक मेला 27 से

**कोडरमा ।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता संबंधी प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान डीडीसी ने बताया कि कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत 27 अक्तूबर से 29 अक्तूबर तक पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें हर वर्ग के मतदाताओं की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में किया जाएगा। इसमें करीब 30 से 40 स्टॉल लगाए जाएंगे। पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव को सभी वर्ग के मतदाता अपने पहचान पत्र के साथ आएंगे तो उनके साथ मतदाता जागरुकता अभियान चलेगा। साथ ही कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी।

जंगली हाथियों के झुंड ने धान की फसलों को रौंदा

## किसानों ने वन विभाग से की मुआवजा राशि देने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** चतरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत स्थित दूधमटिया-अम्बवा जारा में जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। फसल को खाने के साथ साथ पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। इससे किसानों में काफी चिंतित हैं। मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग से हाथी भगाने के लिए कर्मियों को भेजा गया। मुखिया सुनीता देवी ने हाथियों के झुंड द्वारा फसल को पहुंचाए गए नुकसान का आकलन किया। मुखिया ने कहा कि इसकी जांच कर वन विभाग को दिया जायेगा और प्रयास रहेगा किसानों को मुआवजा दिलाने की। हाथियों ने परमेश्वर महतो, राजू महतो, ज्ञानी महतो समेत अन्य किसानों के धान के खेतों को नुकसान पहुंचाया है। प्रभावित किसानों ने वन विभाग से नुकसान आकलन कर मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है ताकि खेती की लागत निकल सके।

टोनी जैन प्रखंडों में संपर्क कर मतदाताओं का समर्थन हासिल करने में जुटे

## जनता इस बार दे रही बदलाव के संकेत



❑ जनता ने पहली बार एक सच्चे और ईमानदार प्रत्याशी को विकल्प के रूप में देखा है और समर्थन देने का वादा किया है

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** राजनीति में इस बार जनता का गुस्सा और निराशा साफ झलक रही है। कई सालों से उपेक्षा और झूठे वादों से ठगी हुई जनता ने इस बार निर्दलीय प्रत्याशी टोनी जैन में उम्मीद की किरण देखी है। टोनी जैन ने नामांकन पत्र लेने के बाद जिले के सभी प्रखंडों में संपर्क कर और जनता का समर्थन हासिल किया, जो अब चुनावी माहौल में बड़ा बदलाव लाने का संकेत दे रहा है। सुबह से ही टोनी जैन लगातार लोगों से मिलते रहे, उनकी समस्याएं सुनीं और एक बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया। लोगों का अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि जनता ने पहली बार एक सच्चे और ईमानदार प्रत्याशी को विकल्प के रूप में देखा है। हर प्रखंड में उत्साह का माहौल है, लोग खुलकर समर्थन दे रहे हैं और चुनावी मैदान में टोनी जैन की जीत सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। जनता का आक्रोश अब इस बात पर केंद्रित है कि वर्षों से जो वादे किए गए, वे अधूरे रह गए। जनता अब खुद को ठगा महसूस कर रही है और इस बार किसी भी हाल में सबक सिखाने का मन बना चुकी है। टोनी जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'मैं नेता नहीं, बल्कि आपका बेटा और भाई बनकर सेवा करूंगा। हमें मिलकर हजारीबाग को बचाने का कार्य करना है। टोनी जैन के इस आत्मविश्वास ने जनता के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। वह एक ऐसे नेता के रूप में सामने आ रहे हैं, जो जनता के सुख-दुख का साथी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हजारीबाग की जनता इस बार किसी भी तरह की राजनीति से नहीं, बल्कि बदलाव की चाह से प्रेरित होकर निर्णय ले रही है।

सीडीपीओ ने मतदाताओं को जागरूक करने का दिया निर्देश, कहा

## वोट की ताकत से ही सरकार बनती है व गिरती है : नीलू रानी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को मतदाता जागरूकता को लेकर एक बैठक किया गया। मौके पर उपस्थित सीडीपीओ नीलू रानी ने कहा कि लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति हमलोग जागरूक करें। मतदान का अधिकार हमारी सबसे बड़ी जिम्मेवारी भी है इस जिम्मेवारी को अवश्य निभाएं। हम एक लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक हैं। लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने अधिकार नागरिकों को मिलते हैं, उनमें सबसे बड़ा अधिकार है वोट देने का अधिकार। इस अधिकार को पाकर हम मतदाता कहलाते हैं। इस मौके पर नीलू रानी ने कहा कि वोट ही सबसे बड़ी ताकत वह सरकार बना सकती है और गिरा भी सकता है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका व सहायिका द्वारा बैनर पोस्टर एवं रंगोली से आम जनता को वोट देने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने केंद्र के पोषक क्षेत्र में सारा काम छोड़ दो पहले जाकर वोट दो₹ का नारा बुलंद करें। आने वाले विधानसभा चुनाव में 70% मतदान हो इसके लिए कमर कस के तैयार रहने की अपील की गई। मौके पर दर्जनों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका उपस्थित थी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित जिला मीडिया प्रभारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

## नेतृत्व ने कामगारों को नहीं, धनवानों को दिया है सम्मान, अब फैसला जनता के हाथ : सुनील



बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने के उद्देश्य से नामांकन प्रपत्र भी खरीद लिया है

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एक लंबे आश्वासन के बाद जब भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू को बरही विस के लिए भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो उनकी नाराजगी खुलकर सामने आ गई. मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा पत्र सौंपते हुए निर्दलीय चुनाव लडने के लिए अपना नामांकन पत्र भी खरीद लिया है. दूरभाष पर उन्होंने बताया कि बीते दो दशक से भी अधिक पार्टी को सींचने का काम किया, इस दौरान उन्होंने पूरी निष्ठता से भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष व वर्तमान में हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष पद के आरएसएस की भी जिम्मेवारी निभाने के काम किया है. झारखंड के पहले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उन्होंने चौपारण से जिला परिषद सदस्य के रूप में जीत भी हासिल किया. जनता के हर सुख दुख के साथ पार्टी के साथ हमेशा खड़ा रहा. बाबजूद चुनाव के वक्त पार्टी ने एक लंबे इंतजार के बार उन्हें टिकट नहीं देकर उनका तिरस्कार किया है. जनता के इच्छानुसार उन्होंने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. साथ ही बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने के उद्देश्य से नामांकन प्रपत्र भी खरीद लिया है. उनके इस्तीफा के साथ ही भाजपा में इस्तीफा का दौर प्रारंभ हो गया और जिला मीडिया प्रभारी भुनेश्वर प्रसाद और बरही पूर्वी पंचायत के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी ने भी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार होगा मुख्य मुद्दा विस चुनाव में बरही विस के लिए पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार श्री साहू का मुख्य मुद्दा होगा. उन्होंने बताया कि बरही विस में तिलैया डैम और रियाड़ा जैसी इंड्रस्टियल एरिया है. बाबजूद यहां की जनता पानी और रोजगार के लिए तरस रही है. 10 और 20 वर्षो तक विस का प्रतिनिधित्व करने वाले सिर्फ जनता को छलने का काम किया है. इस चुनाव ने जनता उसका माकूल जवाब देगी।

# मतदाता जागरूकता से शत प्रतिशत मतदान के लिए हुई बैठक

## गांव एवं टोला में होगा चुनावी पाठशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक की गई। विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाने की बात कहीं। बैठक में मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजनाओं पर चर्चा कि गई। उपायुक्त ने जिस मतदान केंद्र पर पिछली लोकसभा चुनाव के दौरान कम मतदान हुई है उसे मतदान क्षेत्र के लोगों को विशेष रूप से जागरूक करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव एवं टोला में जाकर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर मतदाताओं मतदान करने के प्रति जागरूक करें। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दें।उन्होंने बैठक के दौरान कहां कि सभी संबंधित पदाधिकारी को कार्ययोजना तैयार कर कार्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से संचालित कर मतदाता जागरूकता संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके तहत सभी विभागों को मतदाता जागरूकता संबंधी विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं, क्विज, ईवेंट, रैली, प्रभात फेरी, ट्री प्लांटेशन, गोष्ठी, संदेश, संध्या चौपाल, चुनाव पाठशाला, अखाड़ा , जातरा, नुक्कड़ नाटक खेल का आयोजन आदि आयोजित कर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश आमजनों तक प्रसारित का निर्देश दिया गया। उन्होंने ने स्विफ्ट सेल के सदस्य को मतदाता जागरूकता हेतु जिंगल्स, सॉन्ग, वीडियो आदि बनाकर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सी-विजिल ऐप्प के बारे में जानकारी देने की बात कहीं। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी देने की बात कहीं। उन्होंने जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा भी प्रत्येक गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, सहित सभी स्वीप सेल के पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।



# विस चुनाव के मद्देनजर बनाए गए 06 इंटर स्टेट चेकपोस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

### डीआईजी अनूप बिरथरे ने निरीक्षण कर दिए कई निर्देश

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला में 200 किलोमीटर का अंतरराज्यीय बॉर्डर है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इन अंतरराज्यीय बॉर्डर में 06 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जिसमें सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला बल के साथ साथ बीएसएफ के जवानों को सौंपी गई है। सिमडेगा में 200 किलोमीटर लंबा है अंतरराज्यीय बॉर्डर। ओडिसा और छत्तीसगढ़ राज्य से सटे हैं सिमडेगा बड़े इलाके। चुनाव के दृष्टिकोण से इतने लंबे अंतरराज्यीय बॉर्डर के कारण काफी महत्वपूर्ण हो जाती है सिमडेगा की सुरक्षा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस अंतरराज्यीय बॉर्डर पर अवैध समानों के आवागमन पर नजर रखने के लिए बनाए गए हैं 06 अंतरराज्यीय चेकपोस्ट। ये चेकपोस्ट इतने महत्वपूर्ण हैं कि इसमें मजिस्ट्रेट और जिला बल के साथ साथ बीएसएफ के जवानों को भी सुरक्षा में तैनात किया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे खुद इन चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए यहां सीसीटीवी आदि लगाने का निर्देश दिए। साथ हीं वे हरेक आवागमन पर कड़ी निगरानी रखते हुए गहनता से जांच करने का निर्देश दिया। जिससे किसी तरह की अवैध वस्तु का प्रवेश सिमडेगा में न हो सके। उन्होंने कहा शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस कटिबद्ध है।

## चेक पोस्ट पर 9 किलो गांजा के साथ तीन लोग किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर बनाए गए इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर पुलिस को तीसरे दिन बड़ी सफलता मिली बांसजोर ओपी अंतर्गत खमनटांड चेक पोस्ट पर बीती रात 8:30 बजे करीब उड़ीसा स्टेट की बस जो की झारसुगुड़ा से गया जाती है उसे बस को चेकिंग किया गया जिसमें तीन व्यक्तियों के पास अवैध रूप से गांजा तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एसपी सिमडेगा का द्वारा उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उराँव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया ।टीम के द्वारा तस्करों से तीन अलग-अलग बैगों में कुल 9 किलो 42 ग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उराँव ने मंगलवार की शाम में बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में सुरेंद्र कुमार, तुलसी मिस्त्री एवं उदय चौधरी शामिल है ।तीनों गया जिला निवासी है। उनके पास से गांजा के अलावा तीन मोबाइल एवं 2300 नगद रुपया बरामद किया गया। गौरतलब हो 2 दिन पूर्व गुप्ता नामक बस से 27 किलो गांजा बरामद किया था जिसमें एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था इसके अलावा दूसरे दिन जय बाला बस से 40 किलो गांजा बरामद किया था जिसमें तस्कर फरार हो गए थे वहीं तीसरे दिन पुलिस को फिर सफलता मिली। प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विद्यासागर उपस्थित रहे।

## जिले केआंगनबाड़ी केन्द्रों में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया। इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी सहिया/सेविका द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लूऐंसर यूटूबर्स के साथ डीसी एवं एसपी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इंफ्लून्सेर यूटूबर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई ।बैठक में उन्होंने जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों व इंफ्लुएंर्स की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। आगे उन्होंने कहा कि पहले तो नहीं पर 2024 में सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं। जिसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है। इस दौरान सभी मीडिया प्रतिनिधियों, इनफ्लुएंर्स ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने अपने विचार रखे। संगीत, रील्स, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी पार्टी विशेष या किसी उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने खबरों या मैसेज का प्रसारण होने पर खबर प्रसारित करने वाले पर आचार संहिता उलंघन के तहत कड़ी करवाई की जाएगी। मौके पर एलआरडीसी -सह- नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग अरुणा कुमारी, जिला नियोजन-सह- प्रभारी पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, सहित अन्य पदाधिकारी गण, सभी मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# तस्कर गिरफ्तार भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** कोलेबिरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ,वहीं दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजु उरांव ने प्रेस वार्ता कर मंगलवार की शाम कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजांग गांव में महेश नायक तथा संतोष साहू के घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है ।सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु दोनों व्यक्तियों के घर में छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद की गई ।इस मामले में कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज किया गया तथा मौके पर संतोष साहू को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा महेश नायक फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि उन दोनो पास से कुल मिलाकर छोटा बड़ा 29 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 31 बोतल बीयर बरामद किया है वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को लेकर लगातार इस प्रकार का अभियान चलाया जाएगा ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न कर सके।

## पुलिस ने गुप्त सूचना पर अवैध बालू लदे 7 ट्रैक्टर जब्त किए

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को 18 अक्टूबर को गुप्त सूचना मिली की पतरातू थाना अंतर्गत जयनगर पतरातू अवस्थित नलकारी नदी पुल के पास सें अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर बालू का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं छापामारी के लिए पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा 18 एवं 19 अक्टूबर को योजनाबद्ध तरीके से जयनगर पतरातू अवस्थित नलकारी नदी पुल एवं ग्राम तिलैयाटांड तिनमुहान के आस-पास लगातार छापामारी अभियान चलाया गया।

## विस चुनाव को लेकर महिला कॉलेज में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव के सफल क्रियान्वयन को लेकर को महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा तृतीय मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया ।प्रशिक्षण में कुल-1124 शामिल हुए। वहीं प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा उनके कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार मतदान स्थल पर की जाने वाली कार्रवाई, बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्रवाई, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्रवाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। ईवीएम का प्रशिक्षण वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।

## विस चुनाव को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव के शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी के तहत प्लस टु उच्च विद्यालय कुरडेग के छात्र - छात्राओं ने प्रखण्ड मुख्यालय और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकालकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के बारे में जानकारी दी वहीं छात्र - छात्राओं ने अपने हाथो में स्लोगन लिखी तख्तियाँ लेकर चल रहे थे जिसमें पहले मतदान फिर जलपान , नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेवारी , वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना , मतदान हमारा अधिकार कभी नहीं करें बहिस्कार जैसे स्लोगन लिखे थे साथ ही छात्र - छात्राओं ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को वोट शत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया । रैली विद्यालय परिषर से निकलकर प्रकाला , झिरका मुण्डा , कदमटोली , करमडीह , कुरडेग बस स्टैण्ड , घाघमुण्डा होते हुए पुनः विद्यालय परिषर पहुंचकर समाप्त हुआ । मौके पर विद्यालय के शिक्षक , शिक्षिका समेत काफी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे ।

# मतदान केंद्र एवं कलस्टर में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डीसी नें की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव -2024 को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को गति देते हुए चुनाव संबंधित सभी कार्यों को तेजी से की जा रही है। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी प्रखंड विकास एवं सभी थाना प्रभारियों संग बैठक का आयोजित कर मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त महोदय ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों भ्रमण कर आवश्यक मुलभूल सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों अंतर्गत अद्यतन तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया समय रहते त सभी पात्र मतदाताओं की होम वोटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध हो, जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हील चेयर और रैंप की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया ।इसके अलावा उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को समय रहते दूर किया जा सके। साथ ही, सभी मतदान केन्द्रों पर वॉलेंटियर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके तो इसके लिए हर मतदान केंद्रों पर जल मीनार, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक और सतर्कता के साथ निर्वहन करने की अपील की ।उपायुक्त ने नया मतदान केंद्र का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया ।पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव हेतु जिला में काफी अधिक संख्या में पुलिस जवानों की नियुक्ति की जाएगी। इस हेतु सभी सीएफ पीएफ पर बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाएं विशेष रूप बहाल रहे जिससे कि पुलिस जवानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, और स्वतंत्रता निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

# न्यूज बॉक्स

## भोगता समाज को नजरअंदाज करना भाजपा को पड़ सकता है महंगा

**सिमडेगा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय महासचिव जगन्नाथ सिंह भोगता ने भाजपा संगठन पर भोगता समाज को उपेक्षित करने का आरोप लगाया है। कहा है कि भोगता समाज पूरे प्रदेश में कम से कम एक सीट की मांग की थी। इसके लिए खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय कमेटी ने भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष से विशेष मुलाकात की थी और ज्ञापन सौंपकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष और खरवार भोगता समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता के लिए झारखंड में सिमडेगा सीट की मांग की गई थी, लेकिन भाजपा संगठन खरवार भोगता समाज के प्रस्ताव पर विचार नहीं की और पूरे राज्य में भोगता समाज को अनदेखी करने का काम किया है। जगन्नाथ सिंह भोगता का कहना है कि भोगता समाज पूरे राज्य में भाजपा के साथ है। लेकिन हम जिनके साथ हैं, वो हमारे साथ नहीं है, ऐसे परिस्थिति में भोगता समाज को किसी राजनीति पार्टी का अंधभक्त बने रहने पर विचार करेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहना है कि जो राजनीतिक दल भोगता समाज को राजनीतिक भागीदारी देगी उसके साथ पूरे राज्य का भोगता समाज साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि भोगता समाज की केंद्रीय कमेटी कोलेबिरा और सिमडेगा दोनों विधान सभा सीट से अपना उम्मीदवार उतारने पर विचार कर रही है।

## दिवाली में माटी से बने दीया से घर को रोशन करे: रमेश महतो



**सिमडेगा।** सिमडेगा साप्ताहिक बाजारटांड़ मे नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश महतो के अध्यक्षता बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सिमडेगा जिला कुम्हार समाज का समिति का विस्तार करते हुए जिला संगठन मंत्री रामकृष्ण महतो और रामचरण महतो और रामबिलास राणा को संरक्षक भरोशा महतो रामलाल महतो उपाध्यक्ष हरिलाल महतो कार्यकारिणी सदस्य गणेश महतो सह सचिव नंदलाल महतो उप कोषाध्यक्ष का घोषणा किया गया जिला समिति में सभी प्रखंड के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार विमर्श किया जाएगा ।साथ ही जिला अध्यक्ष रमेश महतो ने इस दिवाली जिले वासियों से निवेदन करते हुए कहा कि दिवाली में माटी से बने दिया को जलाएं और माटी से बने सजावट से ही घर को सजाएं जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है ।बैठक मुख्य रूप से जिला सचिव सुबोध महतो कोषाध्यक्ष संजय महतो अजय महतो सहित अन्य उपस्थित थे जानकारी मीडिया प्रभारी कमल महतो ने दिया।

## सिमडेगा के दोनों विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने दोनों विधायकों को बनाया प्रत्याशी

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव को लेकर लंबे समय तक चल खींचतान के बाद आखिरकार सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के दोनों विधायकों को कांग्रेस पार्टी ने देर रात विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। सिमडेगा से विधायक भूषण बाड़ा को तो वही कोलेबिरा से नमन विक्सल कोनगाडी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इधर देर रात सूची आने के साथी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला बातचीत के क्रम में कोलेबिरा विधायक ने कहा कि आलाकमान ने लगातार तीसरी बार मेरे पर भरोसा जाता कर मुझे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया है ।उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इधर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भी कहा है कि जिस विश्वास के साथ उन्हें पार्टी ने पुनः मौका दिया है उसे पर खड़ा उतारते हुए जनता की सेवा करने के लिए वह तैयार हैं।



## अगवा की गई बच्ची सकुशल बरामद

**बानो।** 27 सितंबर को कस्तूरबा स्कूल से अगवा हुई एक छात्रा को पुलिस ने सकुशल बरामद किया है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को हीरालाल हज़ाम नामक एक युवक ने स्वयं को स्कूल में छात्रा का चाचा बताते हुए छात्रा को ले गया था। इसके बाद छात्रा के पिता ने थाना में अपनी बेटी के खिलाफ अपह्रण का मामला दर्ज कराते हुए बेटी के सकुशल घर वापसी की गुहार लगाई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने युवक हीरालाल हजाम को भी हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि युवक ने अपना जुर्म कबूल किया है।

## कुरडेग थाना परिसर में आगामी पर्व त्यौहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**रांची।** कुरडेग : कुरडेग थाना परिषर में दीपावली, छठ, और विधानसभा चुनाव को लेकर शांति सामिति की बैठक थाना प्रभारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजितकी गई ।बैठक में चुनाव के बारे में चर्चा किया गया, कहा गया कि किसी भी पार्टी का झंडा बैनर बिना अनुमति के घरों में नही लगाना है, वंही सरकारी भवनों में पार्टी का झंडा बैनर पोस्टर लगाना सख्त मना है,50 हजार से ऊपर नगद रुपया पकड़े जाने पर कारवाई हो सकती है।13 नंवबर को शांति पूर्वक सभी लोग वोट डालने अवश्य जाएँ, साथ ही स्वीप कार्यक्रम में भाग ले और वोटरों को जागरूक करने में सहयोग करें। वंही दीपावली पर्व में फटाखे फोड़ने पर सावधानी बरतें। सामूहिक रूप से किसी जगह पर फटाखा ना फोड़े ।छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनायें । बैठक में उपस्थित शांति सामिति के सदस्यों ने कहा कि यंहा सभी पर्व त्यौहार भाईचारे के साथ मनाते आ रहे है वही परम्परा को हम सब निभाते रहेंगे। मौके पर इंस्पेक्टर हनुमान प्रसाद सिन्हा एस आई धनंजय कुमार सीआई नीरज कुमार ,ए एस आई राजीव रंजन कुमार,मुखिया उर्मिला कुजूर, अंजन निमन खलखो, जागेश्वर प्रधान, सफार अली, देवनिश खलखो, दौरिका जायसवाल,सहित सामिति के लोग उपस्थित थे।

## आठ उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पर्चा दो ने किया नामांकन

**सिमडेगा।** सिमडेगा एवं कोलेबिरा विस क्षेत्र से आठ उम्मीदवारों ने उम्मीदवारी का नामांकन पर्चा खरीदा। जिनमें सिमडेगा विस क्षेत्र से भाजपा से श्रद्धानंद बेसरा और निर्दलीय प्रत्याशी अरुण ब्रजेश बड़ाईक ने नामांकन पर्चा खरीदा। वहीं कोलेबिरा विस क्षेत्र से भाजपा के सुजान जोजो, निर्दलीय प्रत्याशी अमृत जेवियर सोरेंग, निर्दलीय प्रत्याशी शिवराज बड़ाईक, निर्दलीय प्रत्याशी बेर्नाड कंडुलना, निर्दलीय प्रत्याशी पुनित कुमार और जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उम्मीदवारी का पर्चा खरीदा। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी सुशीलकड़ा के द्वारा अपने समर्थकों के साथ सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा के समक्ष नामांकन दाखिल किया वहीं सिमडेगा के कोलेबिरा विधानसभा से झारखंड पार्टी होरो गुट के प्रत्याशी प्यारा मुंडू ने अपर समाहर्ता के कार्यालय पहुंचकर उन्होंने नामांकन दाखिल की।

# बारेसाढ़ में बज्रगृह का निरीक्षण, 13 नवंबर को मतदान की तैयारियों की समीक्षा

*सीओ मिश्रा ने मतदान के लिए बने बूथ संख्या 233 से 238 का भी निरीक्षण किया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार) :** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। मंगलवार को अंचलाधिकारी (सीओ) दिनेश मिश्रा ने स्तत्रोनत उच्च विद्यालय, बारेसाढ़ में बनाए गए बज्रगृह का निरीक्षण किया। आगामी 13 नवंबर को होने वाले मतदान के बाद इस ब्रजरगृह में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी जाएगी। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सीओ मिश्रा ने मतदान के लिए बने बूथ संख्या 233 से 238 का भी निरीक्षण किया। इन बूथों पर पेयजल, स्वच्छता और मतदाताओं के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने मतदान कर्मियों को सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की और मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए निर्देश दिए। मतदान स्थल पर किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत उसे सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मिश्रा ने बताया कि मतदान के दिन बूथ पर आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बूथों पर स्वच्छता, बिजली, पानी, और मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। चुनावी प्रक्रिया में लगे कर्मियों के लिए भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि मतदान सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। बारेसाढ़ सेक्टर के इन 6 बूथों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 13 नवंबर को मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रूप से ब्रजरगृह में रखा जाएगा, जहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी।

# पलामू में गांजा बेचने के दो आरोपी गिरफ्तार



**पलामू (हि.स.)।** गांजा की खरीद-बिक्री को लेकर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर और सदर थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई की गयी। पड़वा के कजरी एवं चियांकी से एक-एक बिक्रीकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना पुलिस ने 4.115 केजी एवं सदर थाना पुलिस ने 350 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपित की पहचान आदित्य कुमार पासवान (22) के रूप में हुई है। वह पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी के चंदननगर का रहने वाला है। इसके अलावा सदर थाना पुलिस ने चियांकी के सत्यारी टोला के नन्दकिशोर पांडे (50) को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने मंगलवार को दी।

## एक नजर

### पलामू में आपसी झगड़े में महिला की हत्या



**पलामू (हि.स.)।** प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला की सबल से मारकर हत्या कर दी गयी। मामला रमकंडा थाना से दो किमी दूर का है। मृत महिला बौद्ध भुइयां की 30 वषीर्या पत्नी नागवंति देवी बतायी गयी है। पुलिस ने इस हत्याकांड में चार आरोपितों को पकड़ा है। घटना मंगलवार की सुबह उस समय हुई, जब जमीन की घेराबंदी को लेकर गोतिया परिवारों के बीच आपसी झगड़ा शुरू हो गया। इसी बीच बात इतनी बढ़ गयी कि मनोज भुइयां व उसके परिजनों ने महिला की पहले पिटाई की। फिर सबल से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटीया ने घटनास्थल पर पहुंचे एवं मामले की जानकारी ली। फिर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। इस मामले में पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

### विद्यालय के हैंडपंप में लगे सोलर पैनल चोरी

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय स्टालीनगर से अज्ञात चोरों ने सोलर प्लेट की चोरी कर ली है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन माथुर ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई है। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि सोमवार देर रात मिनी जल मीनार में लगे दो सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को विद्यालय खुलने के पश्चात हुआ। सोलर पैनल चोरी होने से जल मीनार से पानी की आपूर्ति बंद हो गई है, जिससे बच्चों के बीच पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। बताते चलें की लगभग बीस दिन पहले पाण्डेयपुरा स्कूल से महज 100 मीटर के नजदीक 6 बैटरी की चोरी हो गई, सोनपुरा बीघा स्कूल से 17 बोड़ा चावल की चोरी हो चुकी है।

# पलामू एसपी ने बिहार-झारखंड इंटर स्टेट बॉर्डर चेक पोस्टों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने मध्य रात्रि को बिहार-झारखंड इंटर स्टेट बॉर्डर के प्रमुख चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के तहत हुसैनाबाद, दंगवार, देवरी और पथरा चेक पोस्ट शामिल थे, जहां पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी चेक पोस्टों पर मौजूद रजिस्टरों की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि चुनाव के दौरान हर प्रकार की गतिविधि का सही से रिकॉर्ड रखा जा रहा है। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीमा पार आने-जाने वाले हर वाहन की गहन जांच की जाए और प्रत्येक व्यक्ति की पूरी जानकारी दर्ज की जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती और रात के समय विशेष गश्त को बढ़ाया जाए ताकि कोई भी संदिग्ध गतिविधि न हो। चुनाव के दौरान चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चेक पोस्टों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे चुनाव के दौरान शांति बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह सहयोग चुनावों को सफल और शांतिपूर्ण बनाने में सहायक होगा।

# आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान कल करेंगे नामांकन



**पांकी।** पांकी विधानसभा से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने कल 23 अक्टूबर बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन कार्यक्रम से पहले सगालीम में विशाल जनसभा आयोजित की गई है। बुधवार को दोपहर 12 बजे मुमताज अहमद खान हजारों कार्यकर्ता के साथ जनसभा स्थल से मेदनीनगर के लिए रवाना होंगे। उन्होने बताया कि नामांकन कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश के पदाधिकारी और जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने नामांकन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को भाग लेने की अपील की।

# पलामू में पुलिस जवान की पत्नी समेत दो के फंदे पर लटके मिले शव

**पलामू (हि.स.)।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तिलैया के रहने वाले एवं झारखंड पुलिस के जवान अर्जुन कुमार यादव की पत्नी सुशीला देवी का शव फंदे पर लटका मिला। मंगलवार दोपहर में एमआरएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम कराने के लिए मेदिनीनगर में पहुंचे नावा बाजार के कुंभी कला के रहने वाले मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगाया। घटना के समय पुलिस जवान पति घर पर ही था। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी में उसकी पोस्टिंग थी। उसके भाई उपेंद्र कुमार यादव ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए सुशील को प्रताड़ित किया जाता था। कार की मांग की जा रही थी। उसने मृतका के सास-ससुर के अलावा पति, भसुर और गोतनी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मृतका के पिता गणपत यादव ने छतरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

# तेज रफ्तार चेचिस वाहन ने ऑल्टो कार को मारी टक्कर, दो घायल



*घायल अवस्था में पड़े दोनों युवकों को मीडिया कर्मियों ने पहुंचाया अस्पताल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मेंनोनाइट के समीप तीखे मोड़ पर एक तेज रफ्तार चेचिस ट्रक ने सामने से आ रहे ऑल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए। घायल तनय कुमार ने बताया कि वे लोग डाल्टेनगंज से लोहरदगा जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक चेचिस ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार के शीशे का टुकड़ा तनय कुमार के चेहरे पर जा लगा जिससे उसके चेहरे पर मामूली रूप से खरोचे आई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चेचिस ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घायल तनय कुमार पिता सरोज वर्मा (लोहरदगा) के साथ उसका मित्र राहुल कुमार पिता स्व नंदलाल राम (डाल्टनगंज) मौजूद था। दुर्घटना के बाद वंहा से गुजर रहे मीडिया कर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा कर मानवता का परिचय दिया है।

# पलामू जिले में चौथे दिन पांच नॉमिनेशन, 12 नामांकन पत्र बिके



**पलामू (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव में पलामू जिले में मंगलवार को चौथे दिन पांच नामांकन दाखिल किए गए। इनमें तीन नामांकन पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए एवं एक-एक नामांकन डालटनगंज व हुसैनाबाद विधानसभा सीट के लिए हुआ। पांकी सीट के लिए रितेश कुमार गुप्ता, नागेन्द्र कुमार एवं पंकज जायसवाल ने नामांकन दाखिल किया। डालटनगंज से मुन्ना कुमार ने नॉमिनेशन किया जबकि हुसैनाबाद से मनोज कुमार मेहता ने पर्चा दाखिल किया। पांचों विधानसभा सीटों को मिलाकर 12 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। विश्रामपुर, छतरपुर सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। छतरपुर सीट से चार नामांकन पत्र खरीदे गए, जिसमें धंनजय कुमार, चंचला देवी, ममता भुइयां एवं प्रभात कुमार शामिल हैं। डालटनगंज से ललन राम और बीएसपी से अशोक प्रसाद ने नामांकन पत्र खरीदा। पांकी से जितेन्द्र पासवान ने नामांकन पत्र खरीदा।

विश्रामपुर सीट के लिए नामांकन पत्रों की खरीद नहीं हुई। इसी तरह हुसैनाबाद सीट के लिए पांच नामांकन पत्र खरीदे गए, जिसमें कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अनिता देवी, ओम प्रकाश कुमार, शेर अली एवं बबलू कुमार शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर अबतक 94 नामांकन पत्र खरीदे गए जबकि 8 नामांकन दाखिल किए गए हैं। शुक्रवार को 23 एवं शनिवार को 28 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी। सोमवार को 31 नामांकन पत्र क्रय किए गए। मंगलवार को 12 खरीदे गए। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी जबकि 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### कुछ साल में खड़ी की ...

होटल नहीं चला, तो वह वापस गांव आ गया। इधर, सुखदेव रजक ने बरही में होटल खोला और फिर 3 से 4 साल के भीतर अकूत संपत्ति खड़ी कर ली। उसने अपने तीन भाइयों राजेश, रंजीत और रोहित को किसी न किसी रोजगार से जोड़ा है। फिलहाल सुखदेव रजक फरार है।

### यात्री बस से ...

चंदवा प्रखंड मुख्यालय में बने चेक पोस्ट में जब गाड़ियों की जांच की जा रही थी, तब एक यात्री बस, जो रांची से चलकर गढ़वा की ओर जा रही थी, उसकी जांच की गई। बस की तलाशी के दौरान उसमें एक बैग बरामद हुआ, जिसमें लगभग 15 लाख रुपये रखे हुए थे। चेक पोस्ट पर तैनात कर्मियों ने पैसे को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस यह छानबीन कर रही है कि आखिर पैसे कहां से आ रहे थे और इसका क्या उपयोग था। एसपी ने बताया कि आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

### हाई कोर्ट में हाजिर हुए...

केवल असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों की ही जानकारी दी गई। साथ ही, बताया गया कि उनकी ओर से जेपीएससी को रिक्तियों को भरने के लिए अधियाचना भेजी गई है, लेकिन छह वर्षों के बीत जाने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए जेपीएससी के सचिव को कोर्ट में तलब किया। जेपीएससी सचिव की ओर से बताया गया कि अभी जेपीएससी में अध्यक्ष का पद रिक्त है एवं कई अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाएं ली जानी है। इसलिए असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इस पर कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों के वीसी को अगली सुनवाई में उनके यहां असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर के कुल रिक्त पदों की जानकारी एवं इन पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को भेजी के अधियाचना के बारे में अद्यतन जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 28 अक्टूबर निर्धारित की। कोर्ट ने अगली सुनवाई में सभी वीसी की कोर्ट में से सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान की है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। ज्ञात हो कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर (वीसी), रजिस्ट्रार एवं उच्च शिक्षा सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साथ ही, 30 सितंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालय को जवाब दाखिल कर बताने को कहा था कि उनके विश्वविद्यालय में स्वीकृत पदों की आलोक में संबंधित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर के कितने पदों पर नियुक्ति हुई और कितने पद खाली हैं। इसे पहले, जेपीएससी ने कोर्ट को शपथ पत्र दाखिल कर बताया था कि विज्ञापन संख्या 4/2018 एवं 5/2018 के तहत विश्वविद्यालय को 550 पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए उनकी ओर से संबंधित विश्वविद्यालय को अनुशंसा की गई है। विश्वविद्यालयों की ओर से कोर्ट को पिछली सुनवाई में यह नहीं बताया जा सका था कि जेपीएससी के 550 पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा के आलोक में असिस्टेंट प्रोफेसर के कितने पदों पर नियुक्ति हुई है और कितने पद खाली हैं, जिस पर कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा था।

### सीजीएल परीक्षा पर ...

याचिकाकर्ताओं के ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता पिपरवाल ने बहस की। दरअसल, 21 और 22 सितंबर को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हुई थी। राज्य सरकार ने जनवरी 2024 में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा ली थी, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की थी। पेपर लीक मामले की जांच के लिए तीन डीएसपी समेत सात पुलिस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी है।

महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी ने सिमरिया से किया नामांकन, कहा

# क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी व सुरक्षा मुल समस्या है : मनोज चंद्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा ने मंगलवार को सिमरिया अनुमंडल कार्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) सन्नी राज के समक्ष दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री चंद्रा गठबंधन व पार्टी के सैकंडों कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे थे। उन्होंने 2 सेट में अपना नामकरण पत्र भरा। नामांकन के उपरांत जन सभा को संबोधित करते हुए मनोज चंद्रा ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में विगत 5 वर्षों में कोई भी विकास के कार्य नहीं हुए। क्षेत्र में विशेष रुप से शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी व सुरक्षा की समस्या व्याप्त है। पर आज तक सांसद व विधायक द्वारा उपरोक्त संमस्याओं के निदान के लिए पहल नहीं की गई। यहां तक कि अबतक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालय की स्थापना नहीं हुई है। स्वास्थ्य की भी समस्या है। जबकी इसी क्षेत्र में विश्वस्तरिया कोयला खान और पावर प्लांट हैं। इसके बाबजूद क्षेत्र के युवा बेरोजगार हैं। मैं सभी मुद्दों को पहले से उठा रहा हूं और अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो विधान सभा में भी मजबूती से उठाऊंगा और समस्याओं का निदान करुंगा। उन्होंने विधायक किशुन दास पर अरोप लगया कि जिस सड़क पर क्षेत्र की जनता चल रही है। उसी पर भारी कोयला वाहन चल रहे हैं और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं कई के घर उजड़ गए। हजारीबाग के खदान का कोयला हजारीबाग से नही चतरा से होकर ढ़ोया जाता है। लेकिन क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा इसका विरोध तक नहीं किया गया। आपने ने हमे मौका दिया तो सभी समस्याओं का निदान करुंगा।

# आजसू की बैठक, एनडीए को जिताने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के चंद्रमणि कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी मौजूद थें। इस बैठक में हरिहरगंज-हुसैनाबद के एनडीए प्रत्याशी भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह को आजसू कार्यकर्ताओं ने जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनायी और जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करेंगे और जीत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार में लग जायें। इस बैठक में केंद्रीय सदस्य रामजी पासवान, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, प्रखंड सचिव मो। इरशाद आलम, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, कुंदन गुप्ता, पीयूष राज, सचिन कुमार, अविनाश कुमार, विजय पासवान, सागर गहलोत सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने माता भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/इटखोरी।** विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश मंगलवार को इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान इन्होंने माता मंदिर समेत कई अन्य देवालयों में जाकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रेस वार्ता में कहा कि मुझे पिता के विरासत को बचाना है। मैं निश्चित रूप से चुनाव जीत कर पुनः हेमंत सरकार बनाने में भागीदारी निभाऊंगी। मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा की हमारी सरकार मां-बहन के सम्मान में यह योजना चलाई है। हमारी सरकार सभी का सम्मान करती है। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, अरुण यादव, जागेश्वर यादव, रामभरोष यादव, सुधीर सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

जेएमएम प्रत्याशी के नामांकन सभा में शामिल हुई कल्पना सोरेन, कहा

# समग्र विकास के लिए हेमंत की सरकार बनायें, हम स्कूलें बंद नही करते खेलते हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** मंगलवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज चंद्रा के नामांकन सभा में पार्टी की गांडेय विधायक कल्पना सोने शामिल हुई। विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक श्रीमती सोरेन ने कहा कि झारखंड में गरीब-गुरबा की सरकार है। अबुआ की सरकार माने आपकी सरकार। आप अपना बहुमूल्य वोट देकर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायें। झारखंड में कोविड के समय विपक्षी अपने-अपने घरों में दुबक गए थे। तब राज्य की हेमंत सरकार ने दूसरे राज्यों में काम करने वाले झारखंड के मजदूरों को बस, रेल एवं हवाई जहाज से झारखंड लाने का काम किया। हमारी सरकार ने महिलाओं के आत्म सम्मानके लिए मंईयां सम्मान योजना लाई, ताकि झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें। जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी तो वह विद्यालय बंद करने का कार्य किया और जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो सीएम एक्सीलेंट स्कूल खोला गया। ताकि झारखंड की गरीब जनता के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा नसीब हो सके। हेमंत की सोच है झारखंड का समग्र विकास। गरीबों के कल्याण के लिए हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया, 200 यूनिट बिजली फ्री किया, 2 लाख तक किसानों का कर्ज माफ किया। इन सभी कार्यों को चलाने के लिए पुनः तीर धनुष छाप पर वोट देकर मनोज चंद्रा जी को विजय बनाएं।

